# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
## (जिला पंचायत राज शाखा)

**सूचना**

जिला पंचायत राज कार्यालय, हजारीबाग के विज्ञापन संख्या 01/2019 द्वारा 14वें वित्त आयोग अन्तर्गत कनीय अभियंता तथा लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा आधारित नियुक्ति हेतु Online आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे Online आवेदन दिनांक 11.10.2019 से 31.10.2019 अपराहन् 5:00 बजे तक http://recruitment.jharkhand.gov.in पर आवेदन कर सकते है।

11.10.19

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
हजारीबाग।

# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।

(जिला पंचायत राज शाखा)

पत्रांक.....613......./ग्रा०पं०

प्रेषक,

उपायुक्त,
हजारीबाग।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
JAPIT, झारखण्ड, राँची।

हजारीबाग, दिनांक ..30/09..... /2019

विषयः – 14वें वित्त आयोग अंतर्गत संविदा आधारित कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर पद हेतु विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि 14वें वित्त आयोग अंतर्गत संविदा आधारित कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर पद हेतु संलग्न विज्ञापन का प्रकाशन recruitment Jharkhand.gov.in पर किया जाना है। निर्धारित आवेदन शुल्क 500/–(पाँच सौ) एवं 300/–(तीन सौ) में से 400/–(चार सौ) एवं 200/–(दो सौ), जिला पंचायत राज पदाधिकारी, हजारीबाग के खाता सं0 11071860519 एवं 100/– (एक सौ) रुपये JAPIT, झारखण्ड, राँची को देय होगा। जिसका IFSC कोड SBIN0000090 है।

अतः संलग्न विज्ञापन का प्रकाशन नियमानुसार करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

30/9

उपायुक्त,
हजारीबाग।

# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।
## (जिला पंचायत राज शाखा)

## कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति संबंधी
## विज्ञापन संख्या–01/2019

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (पंचायत राज), झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1411/राँची, दिनांक– 28.04.2016 के द्वारा 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों के लिए संविदा के आधार पर कनीय अभियंता (मासिक मानदेय 17000/–रू0) एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (मासिक मानदेय 10000/–रू0) पर नीचे वर्णित कोटिवार आरक्षित/अनारक्षित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| पद | अनारक्षित | अनु0जाति | अनु0 जनजाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कनीय अभियंता | 05 | 01 | 00 | 02 | 02 | 10 |
| लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 24 | 09 | 02 | 08 | 05 | 48 |

1. अहर्ता:–

(क) आवासीय:– अभ्यर्थी को हजारीबाग जिला का स्थायी निवासी होना चाहिए।(सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत ऑन लाईन आवासीय प्रमाण पत्र को ऑनलाईन आवेदन में अपलोड करना अनिवार्य है)।

(ख) अनु0जा0/अनु0ज0जा0 के अभ्यर्थियों के छूट के लिए सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र को ऑनलाईन आवेदन में अपलोड करना अनिवार्य है)।

### 2. कनीय अभियंता पद के लिए योग्यता :–

(क) 1. अनिवार्य योग्यता:– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित पाठ्क्रम में 60 प्रतिशत अंको के साथ सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा अथवा समकक्ष। अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत निर्धारित है।
2. वांछित योग्यता:– संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी।
(ख) उम्र सीमा:– अधिकतम 40 वर्ष

### 3. लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के लिए योग्यता:–

(क) शैक्षणिक योग्यता:– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ बी0कॉम0/बी0एस0सी0 (गणित/सांख्यिकी) / बी0ए0 (गणित/सांख्यिकी) अथवा समकक्ष डिग्री। अनुसूचित जाति/ अनु0जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक 5 प्रतिशत की छूट निर्धारित है।

(ख) वांछित योग्यताः- संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी।

(ग) उम्र सीमाः-

1. सामान्य वर्ग के लिए -35 वर्ष
2. पिछड़ा एवं अत्य0 पिछड़ा वर्ग के लिए - 37 वर्ष
3. अनुसूचित जाति/ अनु0जनजाति के लिए - 40 वर्ष

### 4. चयन प्रक्रियाः-

सरकार के सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-1112 दिनांक-08.02.2016 के अनुसार दिनांक-01.01.2016 से कनीय स्तर के पदों यथा समूह-ख (अराजपत्रित), समूह-ग एवं समूह-घ की नियुक्तियों में साक्षात्कार नहीं लिया जाना है। उक्त पदों हेतु आयोजित दक्षता परीक्षा मात्र Qualifying Nature का होगा। विभागीय अधिसूचना संख्या-80 दिनांक-28.04.2016 की कण्डिका-5(3) में निहित प्रावधान अनुसार चयन की पात्रता हेतु कुल 70 अंक में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को न्यूनतम 50 प्रतिशत अर्थात् 35 अंक एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अर्थात् 28 अंक लाना अनिवार्य होगा।

### 5. आवदेन शुल्कः-

आवेदकों को आवेदन के साथ पद अनुरुप शुल्क का भुगतान करना होगा जो निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | पद का नाम | शुल्क की राशि | कोटि |
|---|---|---|---|
| 01 | कनीय अभियंता | 500/- | सामान्य वर्ग/ पिछड़ा वर्ग/अत्य0 पिछड़ा वर्ग |
| | | 300/- | अनुसूचित जाति/ अनु0जनजाति के लिए |
| 02 | लेखा लिपिक-सह-कम्प्यूटर ऑपरेटर | 500/- | सामान्य वर्ग/ पिछड़ा वर्ग/अत्य0 पिछड़ा वर्ग |
| | | 300- | अनुसूचित जाति/ अनु0जनजाति के लिए |

### 6. सेवाशर्तः-

(क) प्रारंभिक चरण में संविदा के आधार पर ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व समिति द्वारा उनके कार्यो की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। नवीकरण नहीं होने की स्थिति में ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

(ख) उपर्युक्त अवधि में संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मी को किसी अन्य स्थान/संस्था इत्यादि मे कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

7. <u>आवेदन कैसे जमा करें</u>:-

(क) ऑनलाईन आवेदन में आवेदक के द्वारा फोटो एवं हस्ताक्षर भी अपलोड करना आवश्यक होगा। आवेदक द्वारा दिनांक-03.10.2019 से दिनांक-18.10.2019 के अपराहन् 05:00 बजे तक वेबसाईट ............................................... पर ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा। आवेदन शुल्क की राशि ऑनलाईन भुगतान करना अनिवार्य होगा।

(ख) आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन समर्पित कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र समर्पित करना होगा।

(ग) अहर्ता के अनुरूप आवेदक से ऑनलाईन आवेदन में मॉगी गई सभी विवरणी को पूर्ण रूपेण भरा जाना अनिवार्य है।

(घ) आवेदक द्वारा आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पैन कार्ड में से किसी एक का विवरण ऑनलाईन आवेदन में देना अनिवार्य है।

(ङ) जाँच परीक्षा की तिथि एवं स्थान की सूचना बाद में दैनिक समाचार पत्र एवं जिले के बेबसाईट http://www.hazaribag.nic.in के माध्यम से दी जायेगी।

(च) अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गये गलत सूचना पर सम्बंधित अभ्यर्थी का आवेदन स्वतः रदद समझा जायेगा।

उपायुक्त,
हजारीबाग।

## 14वें वित्त आयोग अन्तर्गत कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या–01/2019

| ऑनलाईन फोटो |
|---|

1. पद का नामः–.................................................................
2. आवेदक का नामः–.................................................................
3. पिता/पति का नामः–.................................................................
4. लिंगः–पुरूष/महिलाः–.................................................................
5. वैवाहिक स्थितिः–विवाहित/अविवाहितः–..............................
6. फोन नम्बर :–.................................................................
7. जन्म तिथिः–................../................./...............
8. दिनांक 01.01.2019 को उम्रः– वर्ष............... माह...................... दिन..................................
9. कोटि– (सामान्य/बी0सी0–1/बी0सी0–2/अ0जा0/अ0ज0जा0) ..................................
   जाति प्रमाण पत्र अपलोड करेंगें।
10. स्थायी पताः– आवासीय प्रमाण पत्र अपलोड करेंगें।
    ग्राम–............................ पोस्ट–...................... पंचायत–..................................
    प्रखण्ड–...................... थाना–........................ जिला–......................................
    पिन कोड–............................
11. वर्त्तमान पताः– ग्राम–............................ पोस्ट–...................... पंचायत–................................
    प्रखण्ड–...................... थाना–........................ जिला–......................................
    पिन कोड–............................
12. शैक्षणिक योग्यताः–

| क0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक प्रतिशत | उत्तीर्ण वर्ष | अपलोड करेंगें |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मैट्रिक | | | | |
| 02 | स्नातक | | | | |
| 03 | उच्चतर योग्यता | | | | |
| 04 | अन्य | | | | |

13. कार्य अनुभव का विवरणः–

| क्र0 सं0 | संस्थान का नाम | पदनाम | तिथि (कब से कब तक) | कार्य अनुभव का वर्ष | अपलोड करेंगें |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

## घोषणा

मै प्रमाणित करता/करती हूँ की मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ एवं संलग्न प्रमाण पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थानः–..........................

दिनांकः–........................

14वें वित्त आयोग अन्तर्गत कनीय अभियंता एवं लेखा
लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारूप
विज्ञापन संख्या–01/2019

ऑनलाईन
फोटो

क्रमांक ............................

दिनांक .........................

आवेदक का नाम ........................................ पिता/पति का नाम ...........................................

ग्राम ..................................... पोस्ट ............................ पंचायत ..............................................

थाना .................................. प्रखण्ड .......................... जिला–...............................................

आवेदक का हस्ताक्षर